सरकूलर नं0 अपमा/2016–2018/237 दिनांक : 9–12–2017

''अपमा पिकनिक मेला, 2018''

किसी भी संस्था का आधार होते हैं उसके सदस्य। सदस्यों की सक्रियता और योगदान ही, संस्था की सफलता का आधार है। संस्था जीवित रहती है और अपनी पहचान बनाती हैं, अपने इन्हीं सदस्यों के योगदान द्वारा सम्पन्न विभिन्न कार्यक्रमों सें। और जब किसी ऐसे कार्यक्रम की बात हो, जिसमें सभी सदस्य अपने परिवार सहित भाग लेते हो तो, बात ही क्या है। ऐसा ही एक कार्यक्रम अपमा का पिकनिक मेला है। जो **7** जनवरी, **2018** को आयोजित होने जा रहा है। जिस उत्कण्ठा से आप सब इसकी प्रतीक्षा करते हैं, उसी उत्साह से इसको सम्पन्न भी करवाते है। इस बार भी आपका उत्साहवर्धक सहयोग हमें मिल रहा है। जैसे–जैसे एक–एक दिन 7 जनवरी, को नजदीक ला रहा है, वैसे–वैसे ही इसकी तैयारियां परवान चढ़ रही है, अनोखा उत्साह है सभी सदस्यों में।

बन्धुओं, आपसे पुनः अनुरोध है कि यदि कोई व्यापारी भाई इस पिकनिक मेले में किसी भी प्रकार का कोई भी छोटा या बड़ा उपहार जैसे पैन, डायरी, टेलीफोन डायरी, टोपी, टीशर्ट, कंघा–शीशा, चाबी–छल्ला, बच्चों का कोई खिलौना, पैड, बैग, पर्स,(लेडीज/जैस्ट्स), कलेण्डर 2018, इत्यादि देना चाहें जिस पर भले ही आपकी कम्पनी का नाम छपा हो, इसके लिए भी आपका स्वागत है। आपके द्वारा दिये गये उपहार के लिए आप प्रयास करें ताकि हर निमंत्रण कार्ड धारक तक आपके द्वारा दिया गया एक–एक उपहार पीस अवश्य पहुंच जाये, ये उपहार हम थैलों में रख देंगें। कृपया 23 दिसम्बर, 2017 तक अपमा कार्यालय में अवश्य भेज दें। आपका योगदान सदैव हमारे लिए और हमारी संस्था के लिए वांछनीय हैं। आपको कम से कम उस के संख्या में 2500 पीस देने होंगे। यदि आप कोई बड़ी गिफ्ट देना चाहते हों तो उसकी संख्या कम भी हो तो हमें बता दें, उस पर भी विचार किया जा सकता है। आप अपने इस योगदान के लिए तुरन्त अपमा कार्यालय को सूचित करें ताकि उस पर आगे की प्रक्रिया सुनिश्चित की जा सकें। पिकनिक मेले के विषय में अधिक जानकारी हेतु मनोरंजन उपसमिति के चेयरमैन श्री धीरज मलिक जी के मोबाइल नंबर : 9810187847 या अपमा कार्यालय के दूरभाष नंबर : 23948000, 23957505 पर सम्पर्क कर सकते है।

साथियों, अपमा कार्यकारिणी ने आपके प्रतिष्ठानों पर जाकर धन संग्रह की प्रक्रिया को प्रारम्भ कर दिया है। अतः आपसे निवदेन है कि पूर्व वर्षो की भांति इस बार भी आप अपना आर्थिक योगदान बढ–चढ़ कर दें।

कृ0प0उ0..........2

सरकूलर नं0 अपमा/2016–2018/238

अपमा की 49वीं वार्षिक साधारण सभा के सन्दर्भ में

आदरणीय सदस्यगण,

जैसा कि आप सभी को विदित ही है कि अपमा की 49वीं वार्षिक साधारण सभा मंगलवार दिनांक 12 दिसम्बर, 2017 को अपराहन् 3.00 बजे अपमा कार्यालय में आयोजित होने जा रही है।

साथियों, साधारण सभा का अपना विशेष महत्व है क्योंकि इस सभा में संस्था के गत वर्ष क लेखा–जोखा एवं कार्यो का मूल्यांकन कर आगामी वर्ष की कार्य योजना हेतु नीति निधारित की जाती है तथा संस्था को सक्रियता व ठोस आधार देते हुए सुचारू रूप से संचालन हेतु अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिये जाते हैं। आप भलीभांति जानते हैं कि सदस्य ही संस्था की नींव होते है और सदस्यों के द्वारा ही अहम् फैसले लिये जाते है, जिसके कारण आपकी उपस्थिति आवश्यक ही नहीं अपितु अनिवार्य भी है।

अतः आपसे एक बार पुनः अनुरोध है कि आप अपनी संस्था की इस साधारण सभा में अवश्य पधारें और अपने ठोस एवं सार्थक सुझावों से सभा को सफल बनायें।

सरकूलर नं0 अपमा/2016–2018/239

आप सभी व्यापारी भाईयों को सूचित किया जाता है कि दिल्ली सरकार ने दिनांक 6, 7, एवं 8–12–2017 को आई.टी.ओ. में स्थित बिक्रीकर भवन की 13वीं मंजिल पर रिफण्ड एवं रिटर्न के विषय में जानकारी देने हेतु तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला में दिल्ली सरकार के उच्च अधिकारियों के साथ वैट आयुक्त, डिप्टी आयुक्त, सहायक आयुक्त जी एव वैट अधिकारियों ने भी भाग लिया। इस कार्यशाला में दिल्ली सरकार द्वारा गठित दिल्ली की समस्त जीएसटी कॉउन्सील कमेटियों के सदस्यों ने भाग लिया। कश्मीरी गेट जीएसटी काउॅन्सील कमेटी की तरफ से श्री धरमपाल रात्रा जी, श्री दीपक गोयल जी, श्री कैलाश सिंघला जी एवं श्री मुकेश सिंधला जी ने भाग लिया। कार्यशाला में मुख्यतः रिफण्ड एवं रिटर्न के विषय में जानकारियां दी गई कि रिफण्ड कैसे लेना, कब लेना एवं रिटर्न कैसे भरनी है। अधिकारियों ने बताया कि भविष्य में जीएसटी से संबंधि अन्य विषयों पर समय–समय पर कार्यशालाओं का आयोजन किया जाऐगा

सरकूलर नं0 अपमा/2016–2018/240

सूचनार्थ

आप सभी व्यापारी भाईयों को सूचित किया जाता है कि ट्रेड लाईसेंस बनवाने हेतु अनिल नाम का एक दूसरा व्यक्ति मार्किट में आ रहा है जो ट्रेड लाईसेंस बनवानें हेतु व्यापारियों को गुमराह कर रहा है इसलिए आप सभी व्यापारी भाईयों से निवेदन है कि इस दूसरे व्यक्ति से सावधान रहे।

साथियों, ट्रेड लाईसेंस से संबंधित जानकारी के लिए श्री अनिल यादव जी से उनके मोबाइल नंबर 9718854405 पर आप सम्पर्क कर सकते है।

(विष्णु भार्गव)
महासचिव